

नवभारत 11
भोपाल, रविवार, 23 नवंबर, 2025

## एक नजर

### शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा आयोजित

**नर्मदापुरम.** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष नर्मदापुरम् जिले में सम्पन्नता से हुई। जिले के 280 विद्यालयों और 10 महाविद्यालयों के लगभग 14,000 विद्यार्थियों ने इस महत्वपूर्ण परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**परीक्षा का उद्देश्य और स्वरूप**

यह परीक्षा कक्षा पांचवी से बारहवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों और महाविद्यालय स्तर के छात्रों के लिए आयोजित की गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और जीवन जीने की कला से परिचित कराना है। जिला परीक्षा प्रभारी चंद्र मोहन गौर ने बताया, नर्मदापुरम् जिले में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित इस परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी सराहनीय है। यह परीक्षा युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। गायत्री परिवार को भरपूर सहयोग मिला। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला गायत्री परिवार के सैकड़ों परिवारों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया। आयोजन में सहयोग देने वालों प्रमुख गायत्री परिवार नर्मदापुरम् से चंद्र मोहन गौर, तुलसीराम बावरिया, परसराम बामनिया, अनील प्रकाश गौर, अशोक कुमार सिंह, शिव दयाल सूर्यवंशी, मोटीबाई यादव, अशोक यादव, सुरेश साठे, मनोज हेला, श्रीमती दीपि गोयल रहे।

# जिले में बेलगाम हुई शराब की बिक्री

## जिले में अवैध शराब पर तत्काल रोक लगाने एक वर्ष पूर्व प्रभारी मंत्री ने दिया था आदेश



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 22 नवम्बर,** नर्मदापुरम धार्मिक नगरी होने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा जयंती के जल मंच से घोषणा की थी कि नर्मदापुरम जिले में अवैध शराब की बिक्री पर कडाई से प्रतिबंध रहेगा. लेकिन उसके बाद भी घोषणा का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है. साथ ही 20 नवम्बर 2024 को जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने योजना समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा था कि जिले में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाएं. आबकारी विभाग ने बैठक के दौरान आदेश अपने कानों से सुन लिया था, बाद में वह वैसा ही चला जैसा आबकारी विभाग के लोग चाहते थे. धार्मिक नगरी नर्मदापुरम की स्थिति यह है कि जितने भी शराब व्यवसायी हैं वह राजनैतिक दलों से संबंधित होने के कारण उन पर रोक लगाने की स्थिति में आबकारी विभाग अपने हाथ पांव फुलो लेता है.

### प्रशासन से शिकायत करने वाले लोग ही होते हैं बेनकाब

जिले में अवैध रूप से चल रहे शराब सटटे के अलावा अन्य मादक पदार्थों की बिक्री भी जोरो से चल रही है . जिसको करने वाले व्यवसायी प्रशासन से इतनी सांठगांठ करके चलते हैं कि यदि किसी ने प्रशासन को मुखबिर बनकर कोई शिकायत की है तो प्रशासन के अधिकारी ही अवैध धंधे करने वालों को स्वयं ही बता देते हैं कि तुम्हारे धंधे के खिलाफ हमारे पास इस व्यक्ति की शिकायत आयी है . वह तत्काल उस व्यक्ति के निवास पर या उसे ढूंढकर मारपीट करने लगता है . ऐसी स्थिति में जागरूक नागरिक प्रशासन से शिकायत करने में भी घबरा रहे हैं तथा कहते हैं कि प्रशासन और सत्ताधारी राजनेता जब अवैध धंधे करने वालों के साथ खडे हैं तो हमारी सुनवाई नहीं होगी . ऐसा ही एक ज्ञापन प्रशासन को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुडडन पांडे ने दिया था जिसमें लिखा गया था कि जिले के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब के अलावा अवैध मादक पदार्थों का व्यवसाय किया जा रहा है तो क्या शहर में अवैध शराब नहीं बिक रही प्रशासन ने ज्ञापन लेकर रख लिया था लेकिन क्या कार्यवाही हुई यह पता नहीं चल पाया .

### प्रशासन को पता है कहां हो रहा है अवैध कारोबार

इस संबंध में प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को कार्यवाही करने में संकोच इसलिये होता है कि उन्हें समय पर अवैध कारोबार करने वाले व्यवसायियों द्वारा सेवा पानी कर दी जाती है इस कारण वे कार्यवाही करने के बजाए शिकायत करने वाले का नाम तत्काल व्यवसायियो को बता देते हैं . बताया जाता है कि नर्मदापुरम में कोठी बाजार, एसपीएम, मालाखेडी के अलावा बाजार क्षेत्र नर्मदा किनारे पर स्कूटी और मोटर सायकल से सभी अवैध पदार्थ पहुंच जाते हैं . वहीं दूसरी इटारसी के शनि मंदिर पुरानी इटारसी, इंद्रपुरा, सनखेडा नाका, में जनप्रतिनिधियों द्वारा बडी मात्रा में शराब का अवैध काम किया जा रहा है . वहीं कान्वेंट स्कूल के पास, मालवीयगंज, बालाजी मंदिर, गणेश कालोनी, न्यास कालोनी सोनासांवरी आदि क्षेत्रों में बडे पैमानों पर अवैध मादक पदार्थ शो रूम लगाकर बिक रहे हैं और प्रशासन देख रहा है

## ई ऑफिस प्रणाली का विशेष निरीक्षण



कर्मचारियों को पारंपरिक ढंग से हटकर हैंड्स-ऑन तरीके से ई-ऑफिस का अभ्यास कराया गया।

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/22,नवम्बर,2025** / अनुभाग इटारसी के प्रशासनिक तंत्र को पूरी तरह डिजिटल और परिणाम-उन्मुख बनाने के उद्देश्य से शनिवार 22 नवम्बर को एसडीएम कार्यालय इटारसी, तहसील कार्यालय इटारसी तथा जनपद पंचायत केसला में ई-ऑफिस प्रणाली का विशेष निरीक्षण एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला स्तर से पहुँची विशेषज्ञ टीम में श्री मनीष गुणवान, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री प्रज्ज्वल शुक्ला, प्रशिक्षक, ई-दक्ष केंद्र, तथा श्री संदीप कुमार चौरसिया, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक शामिल थे। उन्होंने तीनों कार्यालयों में ई-ऑफिस के वास्तविक उपयोग, फाइल प्रबंधन चक्र, ड्राफ्ट व नोट निर्माण, डायरी-डिस्पैच प्रक्रिया तथा विभिन्न भूमिकाओं के संचालन का बारी-बारी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ विभागों में प्रक्रियात्मक कमियाँ और पुराने कार्य-व्यवहार पाए गये। टीम ने एसडीएम को सुधारात्मक सुझाव, उपयोगकर्ता-अनुकूल सेटिंग्स तथा कार्य-प्रवाह को तेज करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए। प्रशिक्षण सत्र में कर्मचारियों को पारंपरिक ढंग से हटकर हैंड्स-ऑन तरीके से ई-ऑफिस का अभ्यास कराया गया। फाइल को आरंभ से समाप्ति तक ले जाने की पूरी यात्रा—ड्राफ्ट निर्माण? संदर्भ जोड़ना? अनुमोदन? डिस्पैच? रिकॉर्ड मैनेजमेंट—का लाइव प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्व में आयोजित किसी भी प्रशिक्षण की तुलना में अधिक व्यावहारिक, सरल और स्पष्ट था। कई तकनीकी समस्याओं का मौके पर समाधान होने से उपयोगकर्ताओं में आत्मविश्वास बढ़ा.

### प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम** लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी से ई-साक्षी पोर्टल पर प्राप्त प्रस्ताव पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए कुल 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई

## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के रिहायशी इलाके में पकड़ा दूसरा तेंदुआ



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 नवम्बर** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी के रिहायशी और काम-काजी क्षेत्रों में एक सप्ताह के भीतर दूसरे तेंदुए को पिंजरे में सफलतापूर्वक फंसाकर वन विभाग ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस त्वरित कार्रवाई से परिसर और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले कर्मचारियों और नागरिकों को बड़ी राहत मिली है, जो कुछ दिनों से वन्यजीवों की मौजूदगी के कारण दहशत में थे।

**एक हफ्ते में दूसरा तेंदुआ पकड़ाया** – वन विभाग ने पिछले सप्ताह एक तेंदुए को पकडने् के बाद एहतियाती तौर पर निगरानी जारी रखी थी। इसी प्रयास के तहत लगाए गए पिंजरे में दूसरा तेंदुआ फंस गया। लगातार दो तेंदुओं के पकड़े जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि फैक्ट्री का जंगली क्षेत्र इन वन्यजीवों का ठिकाना बन गया था, जिससे परिसर के भीतर सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। वन विभाग की कुशलता की सराहना एक सप्ताह के भीतर दो खतरनाक वन्यजीवों को सुरक्षित पकडने् के लिए वन विभाग की टीम ने जिस कुशलता और तत्परता का प्रदर्शन किया है, उसकी स्थानीय प्रशासन और नागरिकों ने सराहना की है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों तेंदुओं को उनके स्वास्थ्य की जांच के बाद सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्कता बनाए रखें.

### संगोष्ठी एवं समूह चर्चा का आयोजन

**पिपरिया** बाल संरक्षण सप्ताह समापन अवसर पर संगोष्ठी एवं समूह चर्चा का आयोजन किया गया। शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में रासेयो छात्रा इकाई, बाल संरक्षण क्लब और मानसिक स्वास्थ्य कल्याण क्लब के संयुक्त तत्वाधान में बाल संरक्षण सप्ताह संगोष्ठी हुई.


## वोटर लिस्ट की समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेसी मिले तहसीलदार से



नवभारत न्यूज

**माखननगर, 22 नवम्बर** नगर कांग्रेस के नेतृत्व मैं चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर प्रक्रिया के तहत वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है जिसमे नागरिकों को आ रही समस्या जिसमे सर्वे कार्य मैं बी एल ओ द्वारा मैपिंग के उपरांत जो फर्म भरे जा रहे है उसमे मतदाताओ के हस्तक्षर के समय ही एक कॉपी मतदाताओ को दिलाई जाए। वंशावली मैं जिन मतदाताओ के माता पिता दादा दादी के नाम नहीं मिल रहे है उसका हल निकला जाए। कई स्कूलों के सभी शिक्षक चुनाव प्रक्रिया मैं लगे होने के कारण स्कूल बंद है उन स्कूलो मैं शिक्षकों की वैकल्पिक विवस्था बना कर बच्चो की पढ़ाई प्रारंभ करवाए। जिन स्कूलों के सभी शिक्षक एस आई आर प्रक्रिया मैं कार्य कर रहे है उनको आश्वस्त किया जाए की परीक्षा परिणाम गड़बड़ होने पर उनपर विभागीय कार्यवाई नहीं की जावेगी। उपरोक्त समस्याओ को लेकर कांग्रेस जनों ने तहसीलदार से चर्चा की.

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित



नवभारत न्यूज

**खिरकिया, 22 नवम्बर** हरिद्वार शांतिकुज से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शासकीय कन्या माध्मिक शाला में हुआ जिसमे कक्षा छटवी से 20,सातवी से 10 एवम कक्षा आठवीं से 10 बच्चो ने शामिल होकर परीक्षा दी जो गायत्री परिवार परिजन कृपाशंकर भगत,विजय शंकर दशोरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई जिसका शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती मोनिका शैलियां,सदस्य एवम पंच श्रीमति हेमलता तरुण सोनी,उपाध्यक्ष धनराज बडोदे, श्रीमति मंगला पाराशर सचिव श्रीमति संगीता दशोरे अवलोकन कर बच्चो को उत्साह बढ़ाया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा के शिक्षक महेश तिवारी ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से बच्चो के बीच गायत्री मंत्र के चौबीस अक्षरों की व्याख्या करने का अवसर वअगले पाठों के माध्यम से सदाचरण अनमोल, कर्म की महत्ता,गुरु रविंद्र नाथ टैगोर का जीवन परिचय, योगासन सूर्य नमस्कार , अजवाइन से रोगों में लाभ, जन्मभूमि के सेवक मंगल पांडे, रामप्रसाद बिस्मिल, महाराणा प्रताप, जीजा बाई का नारीत्व महत्व, गौ दूध का जीवन में महत्व, श्रीकृष्ण का गुप्तदान, इस प्रकार के पाठों के माध्यम से बच्चो के संस्कृति ज्ञान को पढ़ाया गया.

## अज्ञात चोरों ने दो बड़ी वारदातों को दिया अंजाम

नवभारत न्यूज

**इटारसी।** इटारसी अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों ने चोरी की दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। चोरों ने एक घर में सेंधमारी कर 64 हजार के जेवर उड़ाए, वहीं दूसरी घटना में एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई, जिसकी कुल कीमत 1.44 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की पहली वारदात केसला थानांतर्गत ग्राम चांदकिया में हुई। फरियादी जीवनदास यादव के मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने 19 और 20 नवंबर की दरम्यानी रात में मकान में सेंधमारी कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, चोरों ने घर से पुराने इस्तेमाल के जेवर चुराए, जिनकी अनुमानित कीमत 64 हजार रुपए है। चोरी की दूसरी घटना रामपुर थानांतर्गत ग्राम ग्वाड़ीखुर्द में हुई। फरियादी ने बताया कि उनके घर के सामने से अज्ञात चोरों ने उनकी मोटर सायकिल उड़ा ली।

### पचमढ़ी उत्सव आयोजन हेतु बैठक 26 नवम्बर को

**नर्मदापुरम** अपर कलेक्टर सचिव जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री हिमांशु जैन ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पचमढ़ी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्षों की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए, उत्सव की तैयारी हेतु बैठक हुई

## पुलिस ने 24 घंटे में बाइक चोर को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 नवम्बर** थाना रामपुर गुर्रा पुलिस ने तेज़ कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस ने इस मामले में एक अपचारी बालक को पकड़ने में भी सफलता हासिल की है।

घटना 21 नवंबर 2025 की है, जब फरियादी अनिकेत पुत्र सुरेन्द्र सिंह राजपूत (26), निवासी ग्राम ग्वाड़ी खुर्द ने थाना रामपुर गुर्रा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पीले रंग की घर के सामने से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध क्रमांक 146/2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों—पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साई कृष्णा थोटा, अति. पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, तथा एसडीओपी इटारसी—के निर्देशन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विपिन पाल और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अपचारी बालक को पकड़ा और चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। कार्रवाई में सराहनीय योगदान उप निरीक्षक विपिन पाल, थाना रामपुर गुर्रा सउनि अनिल शर्मा सउनि हर्षित मौर्य आर. 890 विजय अखंडे आर. 867 बृजलाल धुर्वे आर. 894 टीटू मर्सकोले का रहा।

### गांव सोंठिया आमबाड़ा में तेंदुए की आवाजाही से दहशत का माहौल

**इटारसी।** वन परिक्षेत्र इटारसी से जुड़े उप वन परिक्षेत्र जमानी के अंतर्गत आने वाले गांव सोंठिया आमबाड़ा में पिछले कई दिनों से तेंदुए की आवाजाही ने ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना दिया है। कुछ दिन पहले एक गाय का शिकार करने के बाद, अब तेंदुए ने ग्रामीण रामविलास सिरयाम की एक अन्य गाय को घायल कर दिया है, जिससे गांव वालों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय ग्रामीण विनोद वारिवा ने इस बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और इसका मुख्य कारण जंगल का धीरे-धीरे खत्म होना है। विनोद वारिवा ने बताया कि वन क्षेत्र में चल रहे गांव विस्थापन के कारण वन्यजीव गांव की ओर रुख कर रहे हैं।

### स्टाम्प विक्रेता संतोष वर्मा का लायसेंस किया निलंबित

**नर्मदापुरम** वरिष्ठ जिला पंजीयक नर्मदापुरम ने बताया कि सिवनी मालवा के मुद्रांक (स्टाम्प) विक्रेता श्री संतोष वर्मा का लायसेंस कलेक्टर ऑफ स्टाम्प, नर्मदापुरम द्वारा निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सिवनी मालवा के निवासी श्री कोदुलाल बरखने की शिकायत पर की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वर्मा ने स्टाम्प अधिक मूल्य पर बेचे हैं। जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई और इस आधार पर कलेक्टर ऑफ स्टाम्प ने तत्काल प्रभाव से उनका लायसेंस निलंबित कर दिया.

## सहायक शिक्षक बीएलओ ट्रेन से टकराया, हालत गंभीर



नवभारत न्यूज

**पिपरिया. 22 नवम्बर** नगर में सहायक शिक्षक ट्रेन से टकराए, दोनों पैर जख्मी हुए.जिला अस्पताल रेफर, मतदाता सूची मिलान का कार्य करके घर जा रहे थे.पिपरिया में बीएलओ ड्यूटी से लौटते समय पिपरिया रेलवे स्टेशन के इटारसी छोर पर एक सहायक शिक्षक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया। घायल शिक्षक की पहचान सुजान सिंह रघुवंशी के रूप में हुई है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि उनके बाएं पैर कमर के पास और दाहिने पैर पंजे के पास गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**गर्ल्स स्कूल पिपरिया में पदस्थ हैं घायल टीचर** - जीआरपी हवलदार योगेश पचौरी ने जानकारी दी कि शिक्षक इटारसी छोर पर एक स्पेशल ट्रेन की चपेट में आए थे। उन्हें अस्पताल ने भारतीबकराय गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएल रघुवंशी ने बताया कि सुजान सिंह गर्ल्स स्कूल पिपरिया में पदस्थ हैं और सरदार वार्ड में बीएलओ ड्यूटी पर थे।

### सीईओ ने योजनाओं के कार्यों का किया निरीक्षण

**हरदा** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा श्रीमती अंजली जोसेफ ने शुक्रवार को जनपद पंचायत टिमरनी के करताना कलस्टर की ग्राम पंचायत करताना, तजपुरा और छिपानेर में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने नर्मदा आश्रय स्थल के फेंसिंग कार्य एवम् पौधरोपण के कार्य, वृक्षारोपण, जल गंगा अभियान के कार्य, खेत तालाब, निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिए।

### रामलीला का आयोजन शुरू

**पिपरिया.** भक्त रामायण महोत्सव एवं रामलीला मंडल द्वारा 20 नवंबर से 30 नवंबर तक जयहिंद स्कूल प्रांगण मे भव्य रामायण महोत्सव एवं रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम श्रीराम जन्म से रामलीला का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पं.शिवशंकर मिश्रा महाराज के द्वारा तुलसीकृत रामलीला का आयोजन आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 30 नवंबर तक रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक चलेगा।

## नगर कांग्रेस द्वारा एसआईआर को लेकर की गई समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**माखननगर, 22 नवम्बर** निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर के तहत वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है जिसको लेकर नवनियुक्त नगर एस आई आर प्रभारी प्रकाश चौरसिया के मार्गदर्शन एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला की अध्यक्षता में कांग्रेस बी एल ए एवं कांग्रेस जनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें नागरिकों एवं कर्मचारियों को आ रही विभिन्न परेशानियों एवं उनके निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, वोटर लिस्ट पुनरीक्षण मैं बीएलओ एवं अन्य कर्मचारियों के साथ इसमें और गतिशीलता बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर एस आई आर नगर प्रभारी प्रकाश चौरसिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला, अमृत बिंदु डेरिया, मोहन सोनी, द्वारका चौधरी, हातिम ख़ान, मुकेश सोनी, अंकुर सिंघई, सुनील मोदी, संतोष यादव, भगवानदस साहू, उत्कर्ष आचार्य, शेलू दूबे, मुकेश चौहान कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

### जिले में 54 .87 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण

**हरदा** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस अभियान के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक जिले के विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची कार्य के तहत जिले में डिजिटाईजेशन का कार्य 54.87 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है.

## जीपीएस में नॉलेज जोन्स का शानदार प्रदर्शन



नवभारत न्यूज


**इटारसी, 22 नवम्बर** शहर के प्रतिष्ठित सीबीएसई शिक्षण संस्थान, जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए विभिन्न विषयों के चाट्र्स और मॉडल्स की एक शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य आकर्षण एवं उद्घाटन प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रितेश शर्मा, रोटरी क्लब इटारसी के सचिव देवेन्द्र गोयल, डॉ. सुनील देवानी, और डॉ. नीलम ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बीके पटेल और संजय दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अभिभावकों ने भी बड़ी संख्या में आकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। प्रोजेक्ट्स का वर्गीकरण विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए पूरे एग्जिबिशन को कई विशिष्ट ज़ोन्स में वर्गीकृत किया।

इसके अतिरिक्त, स्कूल की अब तक की समस्त गतिविधियों की तस्वीरों के साथ एक आर्ट गैलरी और एक विस्तृत एक्टिविटी गैलरी भी लगाई गई। इन ज़ोन्स में, छात्रों ने सम्बंधित विषयों पर बहुत सुंदर चाट्र्स, चलित और अचलित मॉडल्स प्रदर्शित किए। वैक्यूम क्लीनर, सोलर एनर्जी, हार्ट ब्लड प्यूरीफायर सिस्टम, प्लांटेशन सिस्टम, चंद्रयान-3, एयर प्यूरीफायर सिस्टम डायलिसिस सिस्टम सबसे अधिक सराहे गये.

## लाड़ली बहना योजना से सशक्त हो रहीं प्रदेश की महिलाएं

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/22,नवम्बर,2025** / लाड़ली बहना योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना, उन्हें स्वावलंबी बनाना और परिवार के निर्णयों में उनकी भागीदारी को मजबूत करना है। योजना के अंतर्गत प्रतिमाह दी जाने वाली सहायता राशि से महिलाएं अपनी आवश्यकताओं के साथ-साथ छोटे-छोटे स्वरोजगार कार्य शुरू कर रही हैं, जिससे उनका सामाजिक एवं आर्थिक स्तर ऊँचा उठ रहा है। लाड़ली बहना योजना एक प्रभावी महिला सशक्तिकरण पहल के रूप में जिले की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। जिले में कई महिलाएं अब इस योजना की सहायता से सिलाई, ब्यूटी पार्लर, किराना दुकान एवं अन्य स्वर-रोजगार गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। इसी क्रम में



नर्मदापुरम निवासी श्रीमती नेहा यादव ने योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि का उपयोग पार्लर कोर्स शुरू करने के लिए किया है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा रही हैं। श्रीमती नेहा यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा योजना की राशि बढ़ाकर प्रतिमाह 1500 रुपए किए जाने से उन्हें अपने कौशल विकास को आगे बढ़ाने में और अधिक सहायता मिलेगी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे जल्द ही अपना कोर्स पूरा करके स्वयं का पार्लर शुरू कर सकेंगी।